झारखण्ड देखो
# Jharkhand Dekho
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ
Digital Edition
www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 320 • पृष्ठ 6 • मंगलवार 30 नवंबर 2021 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com






## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना: महात्मा ज्योतिबा फुले स्कूल की 43 छात्राएं कोरोना संक्रमित

**हैदराबाद।** कोरोना की स्थिति में सुधार होते ही सभी राज्यों में स्कूलों को भी लगभग खोल दिया गया है। लेकिन इस बीच कोरोना तेजी से अपने पैर पसार रहा है। अब खबर सामने आई है कि तेलंगाना के संगा रेड्डी जिले के महात्मा ज्योतिबाफुले स्कूल की 43 छात्राओं में कोरोना संक्रमण पाया गया है। रिपोर्ट सामने आते ही जिले में हड़कंप मच गया है। डीएम डॉ. गायत्री का कहना है सभी छात्राओं के कोरोना संक्रमित होने की सूचना सामने आते ही सभी को आइसोलेशन में रखा गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। गोवा के जुवेनाइल डिटेंशन सेंटर में भी सोमवार को सात बच्चे कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। उत्तरी गोवा के जिला कलेक्टर अजीत रॉय ने बताया कि सभी बच्चों को आइसोलेशन में भेज दिया गया और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी देखभाल कर रही है। उन्होंने बताया कि किसी भी बच्चे में गंभीर लक्षण नहीं हैं। महाराष्ट्र के भिवंडी में भी 62 बुजुर्ग हुए संक्रमित तेलंगाना, गोवा के अलावा महाराष्ट्र के भिवंडी में भी सोमवार को 62 बुजुर्गों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

## सुविचार

पूरी तरह से गुरु में विश्वास करो। यही एकमात्र साधना है।

● **साईं बाबा**

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

57,260.58+153.43 (0.27%)

**निफ्टी 50**

17,053.95+27.50 (0.16%)

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| वार | मंगलवार | |
| तिथि | एकादशी | 26:09 तक |
| नक्षत्र | हस्त | 20:23 तक |
| पक्ष | कृष्ण | |
| योग | आयुष्मान | 23:56 तक |
| सूर्योदय | 06:59 | |
| सूर्यास्त | 17:19 | |
| चंद्रमा | कन्या राशि में | 21:10 तक |
| राहुकाल | 14:44 - 16:01 | |
| मास | मार्गशीर्ष | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | 11:48 - 12:29 |

### पुरा हुआ मोदी सरकार का किसानों से किया गया वादा

# लोकसभा में पास हुआ कृषि कानून वापसी बिल

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

लोकसभा में विंटर सेशन शुरू होते ही कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि कानून वापसी का बिल पेश किया, जो पास भी हो गया। इसके बाद कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने कानून वापसी पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने विपक्ष से कहा कि आप चर्चा चाहते हैं तो हम वो करवाने को तैयार हैं, लेकिन विपक्ष ने नारेबाजी जारी रखी। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई।

इस बीच, संयुक्त किसान मोर्चा के लीडर राकेश टिकैत ने कहा, ₹कृषि कानून वापस हो चुके हैं, लेकिन अब टरढ और किसानों की समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए। हम 4 दिसंबर को एक बैठक करेंगे और उस पर आंदोलन की दिशा तय की जाएगी। तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

संसद के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक दलों से शांति और मर्यादा बनाए रखने की अपील की। ढट ने कहा कि संसद में सवाल हो, लेकिन शांति भी बनी रहे। हमारी पहचान इस बात से हो कि हमने सदन में कितने घंटे काम किया, न कि इस बात से कि सदन में किसने कितना जोर लगाकर संसद को रोका। प्रधानमंत्री का इशारा विपक्ष के हंगामे की तरफ था। इधर, कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर कांग्रेस ने संसद परिसर में धरना दिया। इसमें कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल समेत पार्टी नेता शामिल हुए। आज ही संसद में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर कृषि कानून वापसी बिल पेश करेंगे, जिसे लेकर सांसदों को भेजे गए संसदीय नोट की भाषा पर विवाद खड़ा हो चुका है।



#### ● इस सत्र में 25 बिल और पेश करेगी सरकार

» केंद्र सरकार ने कृषि कानून वापसी बिल के अलावा 25 अन्य बिल भी 23 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन संसदीय सत्र के दौरान पेश करने की तैयारी की हुई है, जिनमें सबसे अहम बिल प्राइवेट क्रिप्टोकरेंसी पर बैन लगाने से जुड़ा हुआ है। हालांकि सरकार खुद भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) को डिजिटल करेंसी उतारने की इजाजत दे रही है। इसके अलावा शीतकालीन सत्र के दौरान पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 पर संसद की जॉइंट कमेटी की रिपोर्ट भी सदन में टेबल की जाएगी।

## राज्यसभा में आज पेश होगा कृषि कानून वापसी विधेयक

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

तीन नए कृषि कानूनों की वापसी का बिल आज ही राज्यसभा में भी पेश होने वाला है। सुबह ही लोकसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इस विधेयक को पेश किया था, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी मिल गई थी। अब दोपहर 2 बजे इस विधेयक को राज्यसभा में पेश किए जाने की तैयारी है। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यह जानकारी दी है। लोकसभा में यह बिल पेश हुआ तो विपक्ष लगातार चर्चा की मांग करते हुए हंगामा कर रहा था, लेकिन इसी दौरान इसे पारित करा लिया गया। इसके साथ ही हंगामे के चलते सदन को स्थगित कर दिया गया। अब सरकार आज ही इस बिल को राज्यसभा से पारित कराकर संसद के ही दिन किसानों से किया वादा पूरा करके बड़ा संदेश देना चाहती है। इस बीच विपक्षी दल कृषि कानूनों की वापसी को लेकर चर्चा की मांग पर अड़े हुए हैं। यही नहीं उनका कहना है कि इसी सत्र में एमएसपी गारंटी कानून भी बनना चाहिए।

#### ● कृषि कानूनों का वापसी पर बोले राहुल गांधी

## डरती है सरकार, जानती है कि गलत काम किया था

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** कृषि कानूनों की वापसी पर लोकसभा और राज्यसभा से मुहर लगने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई मांग उठा दी है। उन्होंने कहा कि इन बिलों का वापसी और खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में यह माना था कि हमसे गलती हुई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने माना है कि उनसे गलती हुई है तो फिर आंदोलन के दौरान मरे किसानों के परिजनों को मुआवजा देना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, 'हमने कहा था कि इन तीन काले कानूनों को सरकार को वापस लेना होगा। देश के 3 से 4 पूंजीपतियों के आगे किसानों की शक्ति कमजोर नहीं हो सकती।' राहुल गांधी ने कहा कि यह किसानों और मजदूरों की सफलता है। लेकिन जिस तरह से ये कानून रद्द किए गए, संसद में इसके बारे में चर्चा नहीं होने दी। यह दिखाता है कि सरकार चर्चा से डरती है। इससे पता चलता है कि सरकार जानती है कि उन्होंने गलत काम किया। हमें चर्चा उन लोगों के बारे में करनी है, जो आंदोलन के शहीद हो गए। हमें इस बारे में चर्चा करनी थी कि किसानों के खिलाफ बनाए गए कानूनों के पीछे किसकी शक्ति थी। इसके अलावा एमएसपी, लखमीपुर खीरी एवं किसानों की अन्य समस्याओं पर डिस्कशन होना था।

## आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136






### "स्ट्रेन ओमीक्रोन" वायरस है कोरोना का नया रूप

# शख्स कोरोना पॉजिटिव आया साउथ अफ्रीका से भारत

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

कोरोना का नया स्ट्रेन ओमीक्रोन वैक्सीन और संक्रमण के बाद बनी सुरक्षा को चकमा दे रहा है। हॉन्ग कॉन्ग और इजरायल जैसे देश, जहां पर 100 पर्सेंट तक वैक्सीनेशन हो चुका है, वहां पर ओमीक्रोन संक्रमित कर रहा है। मतलब निकाला जा रहा है कि यह स्ट्रेन वैक्सीन को बायपास कर रहा है। एम्स के डायरेक्टर डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा कि कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन ओमीक्रोन के स्पाइक प्रोटीन में 30 से अधिक म्यूटेशन मिले हैं, जो वैक्सीन से बने सुरक्षा को बायपास कर सकते हैं। साथ में कई अन्य देशों साउथ अफ्रीका, बोत्सवाना, बेल्जियम में भी यह स्ट्रेन फैल रहा है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह स्ट्रेन कोरोना संक्रमण के बाद बनी इम्युनिटी को भी चकमा दे रहा है, जो सबसे बड़ी चिंता की बात है।



#### ● राष्ट्रपति दौरे के लेकर ड्यूटी पर तैनात 7 पुलिसवालों को कोरोना

» उत्तराखंड में राष्ट्रपति के दौरे को लेकर ड्यूटी पर आए पुलिसकर्मी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इस बारे में राज्य के डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। 7 पुलिसकर्मी कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्हें क्वारंटाइन कर दिया है। अन्य विभागों के भी 12 लोग कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं।

### महाराष्ट्र : वृद्धाश्रम में टीका लगवा चुके 62 बुजुर्ग कोरोना पॉजिटिव

**मुंबई/एजेंसी।** दुनिया में जहां कोरोना के नए वैरिएंट 'ओमिक्रॉन' के सामने आने के बाद से लोगों में दहशत है वहीं महाराष्ट्र के भिवंडी में कोरोना विस्फोट की खबर से हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार भिवंडी के वृद्धाश्रम में कोरोना टीका लगवा चुके 62 बुजुर्ग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इन बुजुर्गों के अलावा वृद्धाश्रम के पांच कर्मचारी और दो उनके परिवार के लोग भी चपेट में आए हैं। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद सभी बुजुर्ग एवं कर्मचारियों को ठाणे जिला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार वृद्धाश्रम के एक कर्मचारी की बेटी को बुखार आया था इसके बाद उस कर्मचारी की तबीयत भी थोड़ी खराब लग रही थी। जब जांच की गई तो दोनों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। इसके बाद से ही पूरे आश्रम में कोरोना फैल गया। वहीं संक्रमण की सूचना मिलते ही प्रशासन ने वृद्धाश्रम और उसके आस पास के इलाके को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है।



JOB

Immediately Required

Franchise / Mitr Sewak

for working on following services on commission basis:-

- Amazon Easy store
- Mitr Digi Portal ( AEPS, , DMT, ATM, RECHARGE, BILL PAYMENTS etc.)
- Online Bima for all major Bima Companies
- Online E-Store for E-Commerce
- Mutual fund, Tax filling, NPS, Share, Demat / online Trading
- Othere services

Registration Charges 2000+GST

Income opportunity of Rs. 40,000-60,000 with les investment

Mitr Sewa Pvt. Ltd.
Vikas Sabke Dwaar

Immediately contact

Shri : Manoj Kumar
Post : Area Manager, Mitr Sewa Foundations
Mob : 9151005283, 9006469840
Email : manoj.kumar@mitrsewa.in

## संक्षिप्त समाचार

### फूलो झानो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल दुमका में हरा राशन कार्ड धारियों का मुफ्त इलाज उपलब्ध नहीं



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** फूलो झानो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल दुमका में झारखण्ड सरकार द्वारा बनाया गया हरा राशन कार्ड धारियों को मुफ्त जाँच की सुविधा उपलब्ध नहीं है.जिस कारण गरीब मरीजो को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है.कल ऐसे ही एक वकाया/घटना सामने आयी.दुमका प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत के अन्तर्गत गरडी गांव के 48 वर्षीय बाबुसोल मुर्मू का कल शाम मंझरा गांव के पास सड़क दुर्घटना हो गयी.बाबुसोल मुर्मू सायकिल में थे,एक मोटर सायकिल चालक ने उसे मोटर सायकिल से ठोकर मारकर घायल कर दिया. परिजन घायल बाबुसोल मुर्मू को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल दुमका में इलाज के लिय भर्ती कराया गया.जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद एक्सरे कराने को कहा गया.परिजन जब एक्सरे कराने के लिय हॉस्पिटल के सरकारी और प्राइवेट मनिपाल हेल्थ मैप में गये और राशन कार्ड दिखाकर मुफ्त जाँच करने को कहा गया तो उस समय उपस्थित कर्मियों ने साफ कह दिया कि हरा राशन कार्ड पर मुफ्त एक्सरे नहीं होगा.क्योकि यहाँ सिर्फ लाल और पीला राशन कार्ड धारियों का ही मुफ्त जाँच किया जाता है.उसके बाद परिजन ने हॉस्पिटल मेनेजर (8825260935) से संपर्क किया.हॉस्पिटल मेनेजर ने मनिपाल हेल्थ मैप के मेनेजर से फोन में बात किया लेकिन मुफ्त एक्सरे नहीं हुआ. अंत में एक सामाजिक कार्यकर्त्ता के सहयोग करने पर 255/- रुपया देकर एक्सरे करवाया गया.एक्सरे में घायल का बाया कंधा टुटा पाया गया.परिजनों का मांग है कि हेमंत सोरेन सरकार,हॉस्पिटल प्रशासन और जिला प्रशासन हरा राशन कार्ड धारियों को भी मुफ्त जाँच व इलाज का सुविधा मुहैया कराए और इसे आयुष्मान योजना से भी जोड़ा जाय.

### आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त हुए 430 आवेदन




**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर योग्य लाभुक तक पहुचाने के लिए कृतसंकल्पित है ।सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए 15 नवंबर से 28 नवंबर तक पंचायत स्तर पर आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम सरैयाहाट प्रखंड के दिग्घी पंचायत में आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गए थे ।प्रधानमंत्री आवस योजन ा(ग्रामीण),कृषि,पेयजल,वैक्सीनेशन,स्वास्थ्य जांच,मनरेगा,मुख्यमंत्री पशुधन योजना,खाद्य एवं आपूर्ति,(वृद्धा विधवा तथा विकलांग)पेंशन, के स्टॉल कार्यक्रम के दौरान लगाए गए थे ।प्रधानमंत्री आवस योजना (ग्रामीण) के लिए सबसे अधिक 250 आवेदन प्राप्त हुए ।नया केसीसी कार्ड के लिए 3 आवेदन जिसको निष्पादित कर दिया गया,05 लोगों को कोविड-19 का टीका लगाया गया,07 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 4 आवेदन प्राप्त हुए, नया राशन कार्ड हेतु 11 आवेदन प्राप्त हुए,विकलांग पेंशन हेतु 2,विधवा पेंशन हेतु 11 तथा वृद्धा पेंशन हेतु 118 आवेदन प्राप्त हुए ।अन्य योजनाओं के लिए 12 लाभुकों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ। इस दौरान लाभुकों के बीच कंबल वितरण भी किया गया ।

# शिक्षित लोग जरूरतमंद के बीच जाकर योजनाओं की जानकारी देने का कार्य करें: उपायुक्त

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन काठीकुंड प्रखंड के कदमा पंचायत में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया ।उपायुक्त ने स्थानीय ग्रामीणों को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने को कहा उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं आपके लिए हैं। जब तक आप इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं लेंगे सही मायने में योजनाएं सफल नहीं मानी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि सरकार सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाती हैं। सरकार ने 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को पेंशन देने का निर्णय लिया है। साथ ही सभी दिव्यांग तथा विधवा को भी पेंशन का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने इस योजना का लाभ लेने के लिए जरूरी दस्तावेज की भी जानकारी लोगों को दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर परिवार को राशन कार्ड देने का निर्णय लिया है। इसके तहत सरकार परिवार के एक सदस्य को ग्रीन राशन कार्ड उपलब्ध करा रही है ग्रीन राशन कार्ड के माध्यम से जन वितरण प्रणाली की दुकान में जाकर एक रुपए की दर से 5 किलो राशन ले सकते हैं साथ ही ग्रीन राशन कार्ड धारी सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी भी ले सकते हैं ।इस दौरान उपायुक्त ने 2 लाभुकों के बीच सुकन्या योजना के तहत स्वीकृति पत्र का वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 10 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया पेंशन योजना के 17 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया फूलों जानू आशीर्वाद योजना के तहत 15 लाभुकों को कड़कनाथ मुर्गा का वितरण किया। 7 लाभुकों के बीच ई श्रम कार्ड सहित अन्य विभागों के परिसंपत्तियों का भी वितरण किया।

# नारियल के नीचे छिपाए थे विस्फोटक, पलटी गाड़ी तो दौड़ी पुलिस

## शिकारीपाड़ा में मिला विस्फोटकों का जखीरा






झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** दुमका के नक्सल प्रभावित शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में रविवार की रात विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया गया। इन विस्फोटकों को रात के अंधेरे का फायदा उठाकर एक पिक अप वैन में नारियल के बोरे के नीचे छुपाकर पश्चिम बंगाल की ओर ले जाया जा रहा था लेकिन जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस ने पिक अप वैन का पीछा किया। इस दौरान दुमका-रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर मोहुल पहाड़ी के पास एक तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार से भाग रहा विस्फोटकों से भरा पिक अप वैन अनियंत्रित होकर पलट गयी। पुलिस ने जब पिक अप वैन की जांच की तो वैन में नारियल के बोरे के नीचे छुपाकर रखी गयी भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक वैन से करीब 20 हजार पीस जिलेटिन और 5 हजार पीस डेटोनेटर बरामद किया गया है। हालांकि इस पूरी कार्रवाई के दौरान मौके से पिक अप वैन के ड्राइवर और खलासी के फरार हो जाने की सूचना है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुमका एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी मौके पर पहुँचे। साथ ही शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी सुशील कुमार भी अपनी टीम के साथ वाहन की जांच में जुट गए। फिलहाल विस्फोटक से लदे इस वाहन को शिकारीपाड़ा थाना ले जाया गया ।पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि यह विस्फोटक कौन ले जा रहा था और इसे कहां से लाया गया और कहां पहुंचाना था। बता दे कि शिकारीपाड़ा का यह एरिया स्टोन क्रशर चिप्स के उत्पादन का है जहां कई वैध पत्थर खदान तो हैं साथ ही अवैध तौर पर पत्थर खदान संचालित किए जाते हैं और इन अवैध खदान में अवैध तौर पर लाए विस्फोटकों का इस्तेमाल होता है। पिछले एक साल के दौरान कई ऐसे मौके आए जब अवैध रूप से लाए गए जिलेटिन और डेटोनेटर बरामद किए गए। एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी ने कहा कि सूचना मिली थी कि मैजिक वाहन में लादकर विस्फोटक ले जाया जा रहा है। हम लोग इसकी कई बिंदुओं पर जांच कर रहे हैं कि यह वैध है या फिर अवैध इसकी जांच की जाएगी। इसके अलावा इसे कहां पहुंचना था, कौन इसमें शामिल हैं, इन सभी बातों की तफ्तीश की जा रही है। इधर पुलिस अधीक्षक अम्बर लकड़ा ने कहा कि करीब 20 हजार पीस जिलेटिन और 5 हजार पीस डेटोनेटर बरामद होने की सूचना है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और जल्द कार्रवाई होगी। कहा कि विस्फोटकों के अवैध कारोबार में जो भी लोग शामिल है उन्हें चिन्हित कर उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्या

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** काठीकुंड प्रखंड के कदमा पंचायत में आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांव के लोगों ने आकर अपनी शिकायत संबंधित स्टॉल के माध्यम से दर्ज करायी। दर्ज शिकायतों का ससमय निष्पादन किया जा सके इसके लिए स्टॉल पर उक्त व्यक्ति को एक रिसिविंग भी दी जाती है ताकि आवेदन की ट्रैकिंग करने में सुविधा हो तथा आवेदन की स्थिति के बारे में उक्त व्यक्ति को सूचना दी जा सके ।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। इसी क्रम में 65 वर्षीय जतुल बीवी ने उपायुक्त को बताया कि अब तक उन्हें पेंशन नहीं मिल रहा है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए उपायुक्त द्वारा उक्त लाभुक को कार्यक्रम स्थल पर ही पेंशन का स्वीकृति पत्र प्रदान कर दिया गया ।पेंशन का स्वीकृति पत्र मिलने के उपरांत जतुल बीवी कहती है उम्मीद नहीं था इतनी स्पीड से मेरा काम हो जाएगा मैं तहे दिल से सरकार तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद देती हूं घर जाऊंगी अपने आसपास के लोगों को बताऊंगी कि हमारे पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुझे पेंशन का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया।

### सम्मान सह करियर कॉउन्सिल कार्यक्रम का आयोजन



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** संताल परगना महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र मो कौशर अली, जो वर्तमान में पुलिस उप- अधीक्षक के रूप में एस टी एफ राँची में पदस्थापित हैं, के सम्मान में तथा साथ ही करियर कॉउन्सिल का आयोजन प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेकों छात्र/छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य महोदय ने मुख्य अतिथि मो कौशर अली का परिचय विद्यार्थियों से कराया तदुपरांत उन्हें अपने अनुभवों की चर्चा के लिए आग्रह किया। मो० कौशर ने इस महाविद्यालय में बिताए अपने अनुभवों को साझा किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने अपने पाठ्य पुस्तक को अपना मित्र बनाने का आ''ान किया। विद्यार्थियों द्वारा करियर चुनाव पर कई सवाल किए गए जिनका बहुत ही रोचक अंदाज़ में मो० कौशर ने जबाब दिया। उन्होंने अपने बैच के दो साथियों डॉ कुमार सौरभ तथा डॉ सैमुएल किस्कू(वर्तमान में एस पी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक हैं) के साथ बिताए अपने कुछ यादगार पलों को भी साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यादव ने कहा कि मो० कौशर न सिर्फ पढ़ाई में बल्कि सभी सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। पूरे महाविद्यालय परिवार को उनकी सफलता पर गर्व है। उन्होंने अभी वर्तमान में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से भी महाविद्यालय के सभी सह- पाठ्यक्रम गतिविधियों जैसे- एन एस एस, एन सी सी, खेलकूद, वाद- विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग, सिंगिंग आदि में भाग लेने की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज बर्शर डॉ शम्भू कुमार सिंह, डॉ ऋषिकेश कुमार, डॉ वेद प्रकाश सहाय, डॉ सैमुएल किस्कू, डॉ कुमार सौरभ, डॉ अनिता राज हेम्ब्रम, तथा प्रो वर्षा मौजूद थे।

### लाभुकों के बीच ग्रीन राशन कार्ड एवं जॉब कार्ड का किया गया वितरण




**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** काठीकुंड प्रखंड के अस्ताजोड़ा पंचायत में आयोजित आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस दौरान एक-दो नहीं 25 लाभुकों के बीच ग्रीन राशन कार्ड का वितरण किया गया ।साथ ही 7 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी काठीकुंड रजनीश कुमार ने लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड तथा जॉब कार्ड समर्पित किया ।सभी लाभुकों ने एक स्वर में माननीय मुख्यमंत्री तथा जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया ।कार्यक्रम के दौरान ग्रीन राशन कार्ड प्राप्त करने वाली लाभुक मीनू सोरेन,बिटिया मुर्मू,अंजना सोरेन,आशा देवी कहती हैं बहुत खुश हूं ।अब हम सब भी जन वितरण प्रणाली की दुकान से राशन ले सकेंगे ।कहती हैं हम सभी बहुत दिनों से राशन कार्ड के लिए परेशान थे ।इस कार्यक्रम का आयोजन हमारे पंचायत में होने से हम सभी को बिना किसी दौड़ भाग के आसानी से राशन कार्ड मिल गया ।सरकार,हमारे मुख्यमंत्री तथा जिला प्रशासन का तहे दिल से धन्यवाद ।समीना बीवी,बबली पवरिया,नेबजन बीवी,हेमंती टुडू,उजाला खातून,सबेरा बीवी,सफेरा बीवी,राहीना बीवी,लखी देवी,प्रमोद सोरेन,लीलमुनि मरांडी,लीलो देवी,पानमुनी मोहलनी,मंजूर अंसारी,रुक्सार प्रवीण,इलीमा केवट,सुबोबती देवी,संतोष केवट,पकलु केवटिन,रानी कुमारी,ललिता देवी को कार्ड मिला .इस दौरान उल्फत अंसारी,संसती हेम्ब्रम, सलीम अंसारी,आनंद मोहली, सुधीर मोहली,खुर्शीद आलम,इलतमस अंसारी को जॉब कार्ड प्रदान किया गया ।इन सब ने भी सरकार को धन्यवाद दिया ।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे ।साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी।

### उपायुक्त से हाथ मिलाकर 13 वर्षीय तुली किस्कू ने कहा- थैंक यू सर

# आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का सबसे प्यारी तस्वीर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** काठीकुंड प्रखंड के कदमा पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस दौरान लाभुकों के बीच विभिन्न विभागों के परिसंपत्तियों का वितरण किया जा रहा था तभी कनपुरा गांव की रहने वाली 13 वर्ष की तुली किस्कू अपने पिता नींबूलाल किस्कू के साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र लेने उपायुक्त के पास पहुंचे उपायुक्त ने तुली किस्कू को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया ।कुछ देर बाद तुली किस्कू ने उपायुक्त से व्हीलचेयर की मांग की ।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द बच्ची को व्हील चेयर उपलब्ध कराया जाए। मुश्किल से 10 मिनट के अंतराल में तुली किस्कू को व्हीलचेयर उपलब्ध करा दिया गया ।उपायुक्त ने उक्त लाभुक को व्हीलचेयर समर्पित किया। व्हील चेयर मिलने के बाद 13 वर्षीय तुली किस्कू ने उपायुक्त से हाथ मिला कर उपायुक्त को धन्यवाद कहा ।तुली ने कहा थैंक यू सर आज मैं बहुत खुश हूं ।उपायुक्त ने कहा कि आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग्य लाभुकों के बीच सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है ।इसी उद्देश्य के साथ जिला प्रशासन की पूरी टीम पंचायत स्तर पर जाकर योग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनका डेटाबेस तैयार करने का कार्य कर रही है ताकि ससमय योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचाया जा सके।

उपायुक्त ने कहा-हर बच्चा आपने आप मे अनमोल



# आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान किया

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**पाकुड़।** आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत इस्लामपुर ग्राम पंचायत झिकरहटी पूर्वी पाकुड़ प्रखंड में लगाए गए शिविर आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार की एक कल्याणकारी एवम सराहनीय पहल है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभुकों को लाभान्वित करना ही प्राथमिकता।जिले को संक्रमण मुक्त बनाने के दिशा में शत प्रतिशत टीकाकरण कार्यक्रमों का आयोजन हुआ । सभी लाभुकों को जाति, निवास, आय, लगान रसीद की सुविधा ऑन द स्पॉट दिया गया। सरकार की योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, दीदी बाड़ी योजना, के द्वारा मंजीरा बेबी पति अनार उल हक ग्राम इस्लामपुर प्रतिमा मंडल पतिदेव मंडल कोकर बन्ना कविता मंडल पति अरुण मंडल कोकर बन्ना पंचायत झीकरहटी इन सभी महिलाओं की आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए सरकार के द्वारा सराहनीय कार्यक्रम को एवं दीदी बाड़ी योजना को आभार प्रकट कर रही हैं। सरकार द्वारा चलाया गया मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना ,पशुपालन, कल्याण ,आवास योजना आदि से लाभान्वित महिलाएं अंगूरा बेबी, पति अब्दुल ताहिर ग्राम जामताला, ताज केरा बेबी, पति कबीरुलशेख , महिलाओं को आर्थिक सहयोग से रोजगार मिला । और शिविर में सरकार की तरफ से बहुत सारी इंस्टॉल भी लगए गए है। यहां लगभग 50 लोगों को श्रम कार्ड का सर्टिफिकेट दिया गया। हरित क्रांति योजना के तहत 40 से 50 लोगों का आवेदन प्राप्त किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 200 लोगों का आवेदन प्राप्त किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लगभग 80 लोगों का आवेदन प्राप्त किया गया। लगभग 40 लोगों ने जाति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन दिया। 60 से अधिक लोगों ने अपनी रसीद कटाई। लगभग 200 लोगों का राशन कार्ड का फॉर्म जमा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षकों को कालाजार संबंधित बेसिक जानकारी प्रेजेंटेशन एवं लघु फिल्म दिखा कर दिया गया



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** सोमवार को महेशपुर प्रखंड के बीआरसी भवन में प्रखंड के सभी विद्यालय के शिक्षकों का कालाजार से संबंधित बेसिक जानकारी प्रेजेंटेशन एवं लघु फिल्म दिखाकर पीसीआई के रीजनल मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर के द्वारा दी गई इस बैठक की अध्यक्षता बीईईओ के द्वारा किया गया। उपस्थित सभी शिक्षकों को बताया गया कि जिस तरह से हम अन्य बीमारियों का उन्मूलन किए हैं उसमें हमारे सभी शिक्षकों की भागीदारी रही है उसी तरह से हम कालाजार का भी उन्मूलन करेंगे वर्तमान में झारखंड के 4 जिले कालाजार प्रभावित है पाकुर साहेबगंज गोड्डा दुमका ' कालाजार उन्मूलन के लिए हमें सहयोगी शिक्षक छात्र छात्राओं अभिभावकों को इससे संबंधित जागरूक करेंगे लंबे समय से बुखार से पीड़ित है यह जानकारी मिलती है तो शिक्षक महोदय इसे तुरंत स्वास्थ्य विभाग के दिए गए मोबाइल नंबर पर जानकारी देंगे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा यह बताया गया की शिक्षक महोदय प्रार्थना सभा में बच्चों को कालाजार से संबंधित बुनियादी जानकारी देंगे कालाजार से संबंधित कम से कम एक स्लोगन विद्यालय के परिसर में लिखा जाए एवं बड़े छात्र छात्राओं के द्वारा उनके अपने घर के बाहरी दीवाल में एक स्लोगन लिखेंगे। मौके पर उपस्थित बीईईओ, नवोदय विद्यालय शिक्षक, एम आई, एसआई, बीआरपी, मौजूद थे।

### अफवाहों पर ध्यान ना दें कार्यालय द्वारा किसी तरह का लेन-देन नहीं किया जाताः डीडीसी

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति करने संबंधित कार्यालय द्वारा चयन हेतु किसी प्रकार का कॉल किसी भी अभ्यार्थी या आम नागरिकों को नहीं किया जाता है। विभिन्न अभिव्यक्ति, आम नागरिकों के द्वारा कार्यालय में आकर सूचना दिया जा रहा है कि अंकित कुमार, संजय बाबूराम मुंडे, राजू विश्वास, रामबाबू मुंडे नाम के व्यक्ति द्वारा नंबर बदल-बदल कर कॉल कर बताया जाता है कि मैं उपायुक्त, उप विकास आयुक्त के कार्यालय से बोल रहा हूं तथा नियुक्ति करने के नाम पर 5000, 15,000 एवं 20,000 रुपये बैंक खाता, गूगल पे, फोन पे में करने को कहां जा रहा है जो सरासर फर्जी एवं धोखाधड़ी है। इस संबंध में कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को कॉल या मैसेज नहीं किया जाता है। इस संबंध में इस कार्यालय का पत्रांक 574/ मनरेगा, पाकुड़ दिनांक-27-11-2021 द्वारा नगर थाना प्रभारी को लिखित रूप में आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्राचार किया गया है। उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह के द्वारा स्पष्ट रूप से सभी अभ्यर्थी एवं आम नागरिकों से अपील किया जाता है कि इस तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दें कार्यालय द्वारा किसी तरह का लेन-देन नहीं किया जाता है। यह दंडनीय अपराध है एसे करने वालों के खिलाफ पाकुड़ पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**अमड़ापाड़ा/पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नाम अंकित रहने, मृत व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से हटाने एवं मतदाता सूची में त्रुटियों के निराकरण बीएलओ के द्वारा किया जा रहा है. निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है. बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी ने सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा की मतदाता सूची में नाम दर्ज, मृत व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से हटाने एवं मतदाता सूची में त्रुटियों के निराकरण का काम को जल्द पूरा करें.

# प्राप्त प्रपत्रों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया सुपर चेकिंग

### फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 से संबंधित मामला

### आवेदनकर्ताओं के दस्तावेजों का किया सत्यापन, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को दिया जरूरी दिशा निर्देश

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**पाकुड़।** फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 के अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव (मंत्रिमंडल) निर्वाचन विभाग के. रवि कुमार के निर्देशानुसार सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों में प्राप्त प्रपत्रों (प्रपत्र छह, प्रपत्र सात, प्रपत्र आठ ) का सुपर चेकिंग/स्थल निरीक्षण किया गया। उनके साथ पाकुड़ ईआरओ मंजु रानी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी पाकुड़ मो सफीक आलाम समेत अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने आवेदनकर्ताओं के बूथ की जांच की। उन्होंने आवेदनकर्ताओं का प्रपत्र में दी गई जानकारी का सत्यापन किया। उनके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज का मिलान किया। उपायुक्त मतदान केंद्र संख्या 316 प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर, मतदान केंद्र संख्या 378 किस्मत लखनपुर पहुंचे। वहां प्राप्त प्रपत्रों की जानकारी ली और बीएलओ से स्वीकृत/रद आवेदन के संबंध में पूछा। उन्होंने कई आवेदनकर्ताओं के प्रपत्रों की जांच की एवं उनके दस्तावेज का सत्यापन किया।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा

**पाकुड़/ झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** सोमवार जिला खेल पदाधिकारी पाकुड़ मनोज कुमार ने जानकारी दिया की पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा तराशी जाएगी। युवा खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेकर पाकुड़ जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बालक-बालिका प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। लगभग दो वर्ष बाद मैदानों की रौनक बढ़ेगी।

1 दिसंबर से शुरू होगी पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताः पाकुड़ जिले में 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए पंचायत के मुखिया अथवा प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। 06 से 10 दिसंबर तक प्रखंड स्तरीय, 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक जिला स्तरीय, 18 से 20 दिसंबर तक जोनल स्तरीय एवं 23 से 24 दिसंबर तक राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रांची, हजारीबाग, दुमका एवं पश्चिम सिंहभूम में जोनल स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। रांची जोन में रांची, रामगढ़, लोहरदगा, लातेहार, पलामू व गढ़वा, हजारीबाग जोन में बोकारो, कोडरमा, चतरा, गिरिडीह, हजारीबाग व धनबाद, दुमका जोन में दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा व देवघर एवं पश्चिम सिंहभूम जोन में पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, सिमडेगा व गुमला जिला शामिल हैं। 18 से 40 आयु वर्ग के खिलाड़ी ले सकेंगे भागः इस प्रतियोगिता में 18 से 40 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर की प्रतियोगिता नोक आउट पद्धति एवं जोनल व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट पद्धति पर आधारित होगा। पंचायत स्तर की चयनित टीम प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रखंड स्तर की विजेता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिला स्तर पर विजेता और उप विजेता टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। जोनल स्तर पर विजेता और उप विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

# पाकुड़ जिले में झामुमो कमान एक बार फिर श्याम यादव के हाथ, जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों ने जताई खुशी

### केंद्र समिति सहित गुरुजी एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सभी पदाधिकारियों ने जताया आभार

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**पाकुड़।** केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार पाकुड़ जिला सहित कुल 22 जिले में झामुमो जिला कमिटी का नवगठन किया गया। पाकुड़ में राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा ने श्याम यादव का माला पहनाकर किया स्वागत, सांसद महोदय ने एक बार फिर से श्याम यादव को झामुमो जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर की है तो वही जिला अध्यक्ष को बधाई देने वालो का ताता लगा है देर शाम यह खबर आग की तरह फैल गई एवं सोसल मीडिया के माध्यम से भी बधाई के ढेरो संदेश देखे जा रहे है जबकि कार्यकर्ताओं के बीच बाटी मिठाईयां बाटी जा रही है जो यह बताने के लिए काफी है उनका पूर्व का काल कैसा रहा है। बताते चले पाकुड़ जिला के पूर्व झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव पर केंद्र समिति ने एक बार फिर से भरोसा जताते हुए तत्कालीन कार्यवाहक जिला अध्यक्ष श्याम यादव को एक बार फिर से पाकुड़ झामुमो जिला अध्यक्ष पद की कमान सौंप दी है। वही फिर से उपाध्यक्ष पद पर अजीजुल इस्लाम को नियुक्त किया गया है,जबकि पूर्व जिला सचिव समद अली को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।इसके साथ ही सुलेमान बास्की को जिला सचिव के पद से सुशोभित किया गया है वही हरिवंश चौबे को भी जिला उपाध्यक्ष प्राप्त हुआ है तथा बबूधन मुर्मू को जिला कोषाअध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। जिससे पाकुड़ झामुमो जिला संगठनों के कार्योर्ताओ में खुशी की लहर देखी जा रही है।

## राज्य के साथ जिला में भी जेएमएम होगी और मजबूतः उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह

- पूर्व विधायक ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष संजय शर्मा को दिया बधाई





**देवघर।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा देवघर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा को बनाये जाने पर राजनीतिक पार्टियों के नेताओं द्वारा लगातार शुभकामनाएं और बधाई देने का दौर जारी है। इसी क्रम में सारठ विधानसभा के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने भी श्री शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संजय शर्मा को जिला अध्यक्ष बनाये जाने से जिला में संगठन को और मजबूती मिलेगी।श्री शर्मा एक युवा नेतृत्व हैं जिन्होंने सचिव का भी पद संभाला है उम्मीद है युवाओं का रुझान जेएमएम के प्रति बढ़ेगा और वे ज्यादा से ज्यादा की संख्या में संगठन से जुड़ेंगे जिससे पार्टी को लाभ मिलेगा।वहीं श्री सिंह ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी धन्यवाद कहा और कहा कि इस नए टीम से राज्य में जेएमएम का जनाधार बढ़ना निश्चित है।

## संगठन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना प्राथमिकताः सरोज सिंह

- जिला उपाध्यक्ष ने गुरु जी और मुख्यमंत्री को कहा धन्यवाद



**देवघर।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की नई टीम का गठन हो चुका है इस फेर बदल से नव नियुक्त पदाधिकारियों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है और सभी संगठन के प्रति ईमानदारी से दाइत्व निभाने के लिए वचन दे रहे हैं और संगठन के हित में ज्यादा से ज्यादा मेहनत कर मजबूती प्रदान करने की बात कहते हैं। इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने रिपब्लिक नेशन के डिप्युटी एडिटर राजेश किशोर से बात करते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने हम जैसे कार्यकर्ताओं पर विश्वास कर यह दाइत्व दिया है।पूर्व में भी हम लोगों ने सँगठन कि मजबूती के लिए ईमानदारी से अपना योगदान दिया है और आगे भी इस दाइत्व का निर्वाहन संगठन की मजबूती के लिए करते रहूंगा। ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़ना पहली प्राथमिकता होगी ताकि आने वाले सभी चुनावों में पार्टी अपना परचम लहराए।वहीं सरोज सिंह ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद जनाया है।बताते चलें कि सरोज सिंह जिला प्रवक्ता भी है और संगठन हित के लिए इनके ईमानदारी के लोग कायल हैं।

# डीबीएल कम्पनी ने ग्रामीणों से बातचीत कर बकाया राशि कागजातों के लिए सत्यापन करने का काम शुरू किया

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**पाकुड़।** (विनोद कुमार दास ) छह साल से बंद पड़े पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक कोयला खदान को चालू करने के लिए कंपनी रेस हो चुकी है. कम्पनी के अपना काम शुरू कर दिया है. अमड़ापाड़ा प्रखंड के पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक के पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी के लीज होल्डर डीबीएल कंपनी के अधिकारी ने सोमवार को ग्रामीणों से बातचीत कर विस्थापितों का बकाया राशि एवं ग्रामीणों की नौकरी के लिए सत्यापन करने का काम शुरू कर दिया गया है. मिली जानकारी के डीबीएल के प्रोजेक्ट हेड सब्यसाची मिश्रा एवं अन्य अधिकारी ने ग्रामीणों से बातचीत कर कहां की जो पहले आप लोग पैनम कंपनी में काम करते थे चाहे वह नाइट गार्ड सिक्योरिटी गार्ड व अन्य काम करते थे उसी का नए तरीके से विस्थापितों को नोकरी देने के लिए डीबीएल कंपनी के द्वारा सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। प्रोजेक्ट हेड सब्यसाची मिश्रा ने यह भी बताया कि इस पचुवाड़ा सेंट्रल कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित गांव आलूबेडा, न्यू कथालडीह, आमझारी, सिंहदेहरी, तालझारी सहित सभी गांव के सभी ग्रामीणों का बकाया राशी का भुगतान करने के लिए कागजात लिया जा रहा है. उन्होंने बताया कि पीएसपीसीएल के अधिकारी के साथ विस्थापितों, ग्रामीणों, प्रभावितों एवं ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक किया गया था. बैठक के बाद ग्रामीणों ने विस्थापितों, ट्रांसपोर्टरों ने कंपनी को कहा कि जब तक हम लोगों का बकाया भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक कोयला उत्खनन कार्य नहीं करने दिया जाएगा, पीएसपीसीएल के अधिकारी के निर्देश पर डीबीएल कंपनी के द्वारा सभी विस्थापित ग्रामीणों का कागजात का वेरीफाई करने को लेकर यह काम किया जा रहा है. तत्पश्चात ट्रांसपोर्ट और वाहन मालिक और ग्रामीणों के साथ बैठक कर इन सबों कागजात का भी वेरीफाई किया जाएगा. मौके पर डीबीएल कम्पनी के अधिकारी एवं आलूबेडा गांव के रंजन मरांडी, महेंद्र मरांडी जन मरांडी, प्रधान मुर्मू, हिमांशू मुर्मू, राजू मुर्मू, एडविन मुर्मू, न्यू कठालडीह ग्राम प्रधान नायकी सोरेन, सोनाराम सोरेन रमेश्वर मुर्मू, बबलू मुर्मू, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पतरो नदी में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले पुल का गांडेय विधायक ने किया शिलान्यास

**बेंगाबाद/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड के लुप्पी के पतरो नदी पर जमुई जाने वाली सड़क पर उच्चस्तरीय पुल का शिलान्यास गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद ने



फीता काटकर नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा की यह पुल बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत लुप्पी पंचायत समीप पतरो नदी में बनेगा। जिसकी लागत तीन करोड़ चालीस लाख रुपया जिसका आज शिलान्यास किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पुल बन जाने से झारखंड और बिहार के लोगों को काफी सुविधा होगी। इस पुल से देवघर ऐम्स व बाबा बैजनाथ धाम मंदिर जाने के लिए काफी दूरी कम करेगा। इसलिए यह लाइफ लाइन के रूप में जाना जाएगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश मंडल, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष नानूराम किस्कु, उर्फ टाइगर स्थानीय मुखिया राजकुमार साव, युवा नेता हसनैन आलम, मोहम्मद फखरुद्दीन, मुखिया राजेन्द्र पंडित, नीलकंठ मंडल, जयप्रकाश सिंह, कनीय अभियंता प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता सहित काफी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित थे।

### सभी को सरकार की जनउपयोगी योजना का लाभ मिले, सरकार की यही कोशिशः एसडीएम

**तिसरी/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** खोरीमहुआ अनुमंडल



पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने कहा सभी लोगों को सरकार की जनउपयोगी योजना का लाभ मिले, सरकार की यही कोशिश है। ग्रामीण क्षेत्र से जो लोग प्रखंड मुख्यालय नही आ पाते हैं उनकी सुविधा के लिए यह शिविर लगाया जा रहा है। इस कार्यक्रम द्वारा आम लोगों के बीच जागरूकता लाना भी मकसद है। इस शिविर में मौके पर भी कुछ समस्या का समाधान तुरंत हो जाता है तो कुछ समस्या में समय लगता है। पेंशन , राशन कार्ड और आवास योजना को लेकर ज्यादा आवेदन आते हैं। आवेदन की जॉच करके समस्या दूर किया जाता है। आम लोगों को भी इस शिविर का लाभ उठाना चाहिए।

### पेयजल स्वच्छता विभाग, स्वच्छ भारत मिशन विभाग के प्रतिनिधि रहे नदारद



**तिसरी/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन सोमवार को चंदौरी में किया गया। जिसमे चंदौरी पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण ने आवेदन दिया। इस शिविर में ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्या रखी। शिविर में वृद्धा पैंशन प्रधानमंत्री आवास योजना , मुख्यमंत्री सुकन्या योजना सहित अन्य मामले से जुड़े सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुए। ग्रामीणों को जल्द समाधान का आश्वासन मिला। इस शिविर में पेयजल स्वक्षता विभाग , स्वच्छ भारत मिशन विभाग के कोई पदाधिकारी मौजूद नही थे। इस मौके पर सीओ असीम बाड़ा , महिला परवेक्षिका किरण सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# किसान-मजदूरों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं : राजेश यादव





**झारखंड देखो/प्रतिनिधि।**

**गिरिडीह।** सरकार मेहनतकश किसान- मजदूरों की लगातार उपेक्षा कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार मेहनतकशों के बजाय पूंजी पतियों का हित साधने में लगी है। इसी तरह झारखंड की सरकार भी मजदूर किसानों के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए है। लगातार किसान मजदूरों के हक छीनने के प्रयास भी जारी हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मेहनतकशों को संगठित होकर अपने हक-अधिकारों की लड़ाई तेज करनी होगी।

उपरोक्त बातें भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य राजेश कुमार यादव ने बेंगाबाद प्रखंड के मोतिलेदा पंचायत अंतर्गत परसाटोल गांव में, अखिल भारतीय किसान महासभा तथा झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा की सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए कही।

कार्यक्रम की अगुवाई स्थानीय जिला परिषद के उम्मीदवार अशोक कुमार तुरी, अशोक कुमार मंडल, राधे यादव तथा गणेश मंडल ने की। तय किया गया कि पंचायत के सभी गाव-टोलों में भाकपा माले के विचारो को सामने रखकर मेहनत मशक्कत करने वाले सभी तबकों को संगठित किया जाएगा।

उन्होंने किसानों के लिए तत्काल सभी पंचायतों में तत्काल धान खरीदी केंद्र खोलने एवं उन्हें धान का नगद भुगतान करने की मांग की। साथ ही, मजदूरों के लिए भी न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन 500 के साथ साल में 200 दिन काम उपलब्ध कराने की मांग की।

इस दौरान अन्य लोगों के अलावा ईश्वर यादव, किशोर मंडल, शंकर मंडल, भुनेश्वर मंडल, शंकर राना, विकास यादव, चांदो मंडल, सुनील पांडेय इत्यादि मौजूद थे।

# लगातार चौथा दिन भी अनिश्चितकालीन महाधरना जारी



**झारखंड देखो/प्रतिनिधि।**

**गिरिडीह।** सतरह सूत्री मांगो को लेकर भाकपा माले का लगातार चौथा दिन भी प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन जारी रहा। मुख्य अतिथि के बतौर माले जिला सचिव पूरन महतो उपस्थित हुए। जिला सचिव नें कहा कि पूरा देश बेरोजगारी की मार झेल रही है। झारखंड के युवा पलायन करने को मजबूर हैं पर राज्य और केंद्र की सरकार को इसका कोई फिक्र नही है। राज्य सरकार ने जो बेरोजगारी भत्ता का आश्वासन दिया था वो आश्वासन बन कर ही रह गया। केंद्र सरकार तो रेल, तेल, भेल, कोयला, शिक्षा, सड़क, बीजली पानी, बैंक, एल आई सी, हवाई अड्डा सहित जितने भी सरकारी संस्थाओं/खनीज संसाधनों को अडानी अंबानी के हाथों बेच रहे है।

धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव नें कहा कि जनता के जनहित मुद्दों को लेकर भाकपा माले द्वारा अनिश्चितकालीन धरना का आज चौथा दिन है लेकिन अभी तक कोई भी वरिये पदाधिकारी सिवाय बीडीओ को छोड़कर सुध लेने नहीं पहुंची है।वित्तीय शक्ति जब्त होने के कारण छः महीने से सांख पंचायत का विकास कार्य बाधित है, यदि कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किया गया तो भाकपा माले चुप नहीं बैठेगी। आगामी 1 दिसंबर को हजारों -हजार की संख्या में गांवा की जनता कंपनी राज,अपराध एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ गांवा प्रखंड मुख्यालय का चक्का जाम करेगी और प्रखंड मुख्यालय में ताला मारेगी। आज जमडार और पसनौर पंचायत के दर्जनों लोगों नें भाजपा छोड़ थामा भाकपा माले का दामन, पूर्व विधायक नें झंडा थम्भा कर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

मौ×के पर प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, इंनौस जिला कमिटी सदस्य आनंदी यादव, अकलेश यादव, पवन चौधरी,अभिमन्यु यादव, गाँधी यादव, नरेश राणा, जागो मरांडी, अमित कुमार बर्नावाल, अभिनाश यादव, पप्पू यादव,संजय दास, जीतेन्द्र कुमार, जासो देवी, बबिता देवी, मालती देवी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# सभी पंचायतों में मिल रहा नेता को युवाओं का भरपूर समर्थन

**झारखंड देखो/प्रतिनिधि।**

**गिरिडीह।** देवरी प्रखंड के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत हरियाडीह पंचायत में इनौस नेता सह छात्र नेता अजीत कुमार शर्मा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें युवाओं का उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा है।

सदस्यता अभियान के विषय में जानकारी देते हुए श्री शर्मा ने बताया कि युवाओं का उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा है आज दर्जनों युवाओं ने सदस्यता अभियान में शामिल होकर इनके हौसले को बढ़ाने का कार्य किया है।



देवरी इनौस नेता सह छात्र नेता अजीत कुमार शर्मा द्वारा राजेश कुमार यादव, विजय कुमार यादव, संदीप कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, प्रदीप कुमार हाजरा, वीरेंद्र पंडित, चंदन हाजरा, कृष्ण कुमार, पवन यादव, सुरेश यादव, समसुद अंसारी, झबन यादव, कैलाश ठाकुर, मनोज सिंह, बिरेंद्र सिंह, विनय सिंह, नरेश यादव, अभिषेक हेम्बरोम, नरेश सिंह समय दर्जनों युवाओं को सदस्यता अभियान के माध्यम से जोड़ा गया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में धोती साड़ी का किया गया वितरण

**झारखंड देखो/प्रतिनिधि।**

**गिरिडीह ।** गावां पंचायत भवन में आपका अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन, आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रम निबंधन लाभ, स्वास्थ्य जांच, कोविड टीका, जमीन से संबंधित, जमीन मापी, मनरेगा, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे योजनाओं के लाभ के लिए स्टॉल लगाए गए थे। पंचायत के ग्रामीण कार्यक्रम में पहुंच कर अपनी अपनी समस्या के साथ साथ योजनाओं के लाभ के लिए अपना आवेदन संबंधित स्टॉल पर जमा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप प्रभारी



बीडीओ संतोष प्रजापति पहुंचे और लगे स्टॉल पर कर्मचारियों से बात कर विस्तार से जानकारी लिए व जमा किए जा रहे आवेदनों को भी दे-खा। साथ ही धोती साड़ी का भी लाभुकों के बीच वितरण किया गया। मौके पर एमओ प्रदीप राम, नाजिर अरविंद सिंह, विकास कुमार, भाजपा नेता मुन्ना सिंह, वहाब खान, जीप सदस्य राजेन्द्र चौधरी, मुखिया अनुरूपा देवी, बनारस सिंह, कन्हाय राम, पंचायत सेवक प्रभु हाजरा समेत कई लोग मौजूद थे।

### भाजपा नेत्री ने किया ताइक्वांडो चैंपियनशिप का उद्घाटन

- स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है- रीता चौरसिया



**देवघर।** देवघर इनडोर स्टेडियम में संपन्न हुए 20 वां देवघर ताइक्वांडो चैंपियनशिप का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीता चौरसिया व अन्य अतिथियों ने द्वारा किया गया।मौके पर रीता चौरसिया ने कहा की खेल भी बहुत जरूरी है एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। जबकि पढ़ाई करने से हम सबों को किताबी व बौद्धिक ज्ञान प्राप्त होता है और खेल से हमारे शरीर को स्वस्थ व तंदुरुस्त रखने में मदद मिलती है।उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखता खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इससे किसी को निराश नहीं बल्कि आगे बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए।वहीं मौके पर सफल प्रतिभागियों को देवघर जिला ताईक्वांडो एसोसिएशन की ओर से मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच के मनोज सिंह, एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष कुमार झा, ओमप्रकाश यादव, कपिल देव रमानी, कोच संतोष पाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### समाजिक कार्यकर्ता ने जेएमएम के नव नियुक्त पदाधिकारियों को दिया शुभकामनाएं

**देवघर।** जसीडीह और शहर के बहुचर्चित समाजिक कार्यकता देवनंदन झा उर्फ नुनु झा ने एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए जेएमएम जिला अध्यक्ष संजय शर्मा और जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह को बधाई देते हुए खुशी ज़ाहिर किया है।वहीं श्री झा ने कहा है कि हमेशा लोकहित जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित रहने वाले दोनों नेताओं को मैं बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि इन दोनों के माध्यम से क्षेत्र की गरीब जनता को न्याय मिलेगा और उनके संगठन को भी मजबूती प्रदान होगी।साथ ही श्री झा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिबू सोरेन को हार्दिक आभार जताया है।जिला की नई कमेटी से झारखंड मुक्ति मोर्चा देवघर जिला के कार्यकर्ता में नया जोश आएगा नई उमंग आएगी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के देवघर जिला की कमेटी मजबूती से काम करेगी साथ ही एक मजबूत कमेटी बनकर जिला के साथ राज्य में अपना परचम लहराएगी।

# आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**झारखंड देखो/प्रतिनिधि।**

**गिरिडीह।** वार्ड नंबर 17 के झंडा मैदान में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का कैंप लगवाया गया। कैंप में कई तरह की सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोविड -19 का कैंप तथा दिव्यांग का निबंधन और दवाई का वितरण कार्यक्रम भी रखा गया था। इस कार्यक्रम में स्कूल, यूनिसेफ और चेतना विकास की प्रखंड समन्वयक विलियम जेकब, कलस्टर कोऑर्डिनेटर पुष्पा शक्ति द्वारा सहयोग करके लोगों को कोविड-19 टीकाकरण के विषय में पहला एवं दूसरा डोज के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के बीटीटी अंजुम निशा, बीटीटी नदीम अहमद, डीपीएम मधुलिका कुमारी, कंप्यूटर वेरीफाई विकास कुमार, एएनएम मंजू कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में 17 नम्बर वार्ड की पार्षद श्रीमती आरती गुप्ता ने शामिल रहकर लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया उन्होंने पहल करते हुए क्लस्टर कोऑर्डिनेटर पुष्पा शक्ति के सहयोग से दिव्यांग दीपक कुमार को उसके घर पर टीका दिलवाया।

इधर अंचल कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर म्यूटेशन आदि समस्याओं को सुना और जरुरतमंदों सेआवेदन भी लिया।

# कैंप में 30 लोगों को लगा कोरोना का टीका



**झारखंड देखो/प्रतिनिधि।**

**गिरिडीह।** प्रखंड मुख्यालय तिसरी स्थित कुम्हार टोली आंगनबाड़ी केंद्र अंतर्गत पोषक क्षेत्र के 18 वर्ष से अधिक उम्र के महिला पुरुष को कोरोना का टीका लगवाने हेतु मिशन मध्य विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को कैंप का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी सेविका सुनीता देवी, पोषण सखी निधि गुप्ता के उपस्थिति में कुम्हार टोली, घटवार टोली, लोहार टोली, बरनवाल टोली के कुल 30 लोगों को कोरोना का टीका एएनएम कविता कृष्ण मूर्ति द्वारा दिया गया। साथ में आंगनबाड़ी में गर्भवती, धात्री और किशोरी कन्याओं का भी टीकाकरण किया गया। गर्भवती धात्री महिलाओ ने कहा 6 माह से टीका ले रहे है लेकिन ए एन एम द्वारा टीकाकरण कार्ड नही दिया जा रहा है। बीते 24 नवंबर को टीकाकरण होना था। जिसे मनमानी तरीके से कभी भी समय निकाल कर किया जाता है। टीकाकरण कार्ड नही होने के कारण मातृत्व वन्दना योजना , मुख्य मंत्री लक्ष्मी लाडली योजना का फॉर्म भरने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में ए एन एम कविता कृष्ण मूर्ति ने बताया 6 माह से कार्ड उन्हे राजकीय अस्पताल उपलब्ध नहीं कराया गया है इस संबंध में राजकीय अस्पताल तिसरी से बात कर सकते है। राजकीय अस्पताल तिसरी के सहायक चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर देवब्रत कुमार ने बताया कार्ड का सॉर्टटज जिला से ही चल रहा है। इस मौके पर सहिया रंजू देवी शामिल रहे।

### खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर रोक लगाने की केंद्र सरकार से मांग

**देवघर।** संथाल परगना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य अजय कुमार ने केंद्र सरकार से खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर रोक लगाने की मांग की है।



श्री कुमार ने कहा कि खाद्य वस्तुओं (दाल, चावल, तेल ,आटा) के महंगा होने के कारण यह सब किसी भी तरह से गरीब के बस में नहीं रह गया है। खाद्य तेलों की कीमतें आसमान छू रही है, यहां तक कि सब्जियों की कीमतें भी काफी अधिक बढ़ गई हैं, जिसके चलते गरीब आदमी के पहुंच से सब्जियां बाहर होती जा रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात तो यह है कि केंद्र सरकार द्वारा महंगाई पर लगाम लगाने हेतु कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है सिवाय झूठी घोषणाएं एवं खोखले दावे के।

## संक्षिप्त समाचार

### 54 बीघा जमीन विवाद मामले के 4 आरोपीयों सहित 7 की गिरफ्तारी

- **फाड़ासिमल गांव में 54 बीघा जमीन को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक की हो गई थी मौत**

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जामा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फाड़ासिमल गांव के 54 बीघा जमीन विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक मौत के मामले में फरार चल रहे चार आरोपीयों सहित अलग अलग मामले के सात आरोपीयों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार जामा थाना क्षेत्र के ही फाड़ासिमल गांव 54 बीघा जमीन को लेकर खूनी संघर्ष की घटना हुई थी जिसमें एक पक्ष के पथल दर्वे की मौत हो गई थी। घटना को लेकर जामा थाना में मामला दर्ज कराया गया था जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे तीन आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं दूसरे मामले में जामा थाना क्षेत्र के ही लोधना गांव के रहने वाले बाबुसल मरांडी पिछले 17 साल से फरार चल रहा था जिसे लाल वारंटी घोषित किया गया था जिसे पुलिस अधीक्षक अम्बर लकड़ा के आदेशानुसार समकालीन अभियान चलाकर छापेमारी में गिरफ्तार किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की कई वर्षो से आरोपी बाबूसल मरांडी कश्मीर में रह कर काम कर रहा था जो कि धान काटने के लिए गांव हाल में ही आए हुए थे । आरोपी पर मार पीट करने का आरोप लगा था जिसके बाद पिछले 17 साल से फरार चल रहे थे । यह शातिर आरोपी कई बार पूर्व में पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाने के कारण पुलिस की पकड़ से बाहर था। वहीं दूसरी मामले में दूसरा अभियुक्त कुंडाडीह गांव के मोटका पुजहर पिता कीनू पुजहर के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। ये पिछेल 8 माह से फरार चल रहे आरोपी कोजामा पुलिस छापेमारी के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पुलिस खंगालेगी शराब माफिया की कुंडली वाहनों के चेचिस नंबर से

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** शहर के रसिकपुर तेलीपाड़ा में शनिवार को बोलेरो से जब्त हिमाचल प्रदेश की जब्त 688 बोतल शराब की तह में जाकर माफिया की कुंडली निकालेगी। इसके लिए परिवहन विभाग की मदद ली जाएगी। अभी तक बरामद दो वाहन की पुलिस ने अपने स्तर से जांच की तो एक नंबर दुमका और दूसरा नंबर गोड्डा का निकला। हालांकि पुलिस को वाहन में लगी नंबर प्लेट फर्जी लग रही है। इसलिए चेचिस नंबर से वाहन के असली मालिक तक पहुंचने का प्रयास रहेगा।शनिवार को शराब जब्त करने के बाद ऐप के माध्यम से बोलेरो मालिक की पहचान करने का प्रयास किया तो वह नंबर किसी अवध कुमार सिंह का निकला। युवक दुमका का ही रहने वाला है। वहीं दूसरा नंबर किसी सुभाष चंद्र का है जो, गोड्डा का रहने वाला है। पुलिस को इस बात का संदेह है कि अवैध कार्य में लगे लोग नंबर प्लेट फर्जी लगा देते हैं। इसलिए असली मालिक की पहचान करने के लिए वाहन के चेचिस नंबर को खंगाला जाएगा। सोमवार को परिवहन विभाग को इसके लिए आवेदन दिया जाएगा। विभाग की माने तो सारी शराब दुमका के रास्ते बिहार जानी थी। इससे पहले भी जामा में अमर मंडल के गोदाम से करीब 80 लाख की शराब बरामद की गई थी। यह शराब भी बिहार भेजी जाने वाली थी। पुलिस को इस बात का आभास हो गया है कि दुमका का कोई व्यक्ति इस गोरखधंधे में शामिल हैं। उसकी पहचान और गिरफ्तारी के बाद साफ हो जाएगा कि शराब का यह खेल किसके इशारे पर और कैसे हो रहा था। उत्पाद विभाग के एएसआइ शिव सागर का कहना है कि वाहन के असली मालिक का पता लगाने के लिए परिवहन विभाग का सहयोग लिया जाएगा। व्यक्ति की पहचान के बाद अवैध धंधे में शामिल लोगों का पता चल जाएगा।

## झारखंड है भविष्य और संभावनाओं का राज्य

# स्मार्ट सिटी मिशन के शहरों में रांची चैंपियन:श्री मुकेश कुमार ,नगर आयुक्त,रांची

### रांची में शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएं : श्री अमित कुमार ,सीईओ,रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

रांची के नगर आयुक्त श्री मुकेश कुमार ने कहा है कि देश में झारखंड भविष्य और अपार संभावनाओं का राज्य है इसलिए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के इच्छुक निवेशकों को रांची स्मार्ट सिटी में निवेश जरूर करना चाहिए... उड़ीसा की राजधानी भुनेश्वर में रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन की ओर से आयोजित इन्वेस्टर्स मीट 2021 में बोलते हुए नगर आयुक्त ने भुनेश्वर सहित उड़ीसा के अन्य शहरों के निवेशकों से रांची स्मार्ट सिटी में निवेश का आग्रह किया.
उन्होंने कहा कि देश के तमाम प्रतिष्ठित उद्योगपतियों ,केंद्र सरकार के पीएसयू,और देश के बड़े संस्थानों का संबंध झारखंड से जरूर रहा है ,क्योंकि यहां पर खनिज संपदा के साथ-साथ यहां का मौसम तथा राज्य सरकार की ओर से बिजनेस व्यापार के लिए बनी नीतियां बेहद आकर्षित है.. उन्होंने कहा कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस में पिछले 5 वर्षों में लगातार झारखंड प्रथम पांच राज्यों की पंक्ति में खड़ा है.
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन के सीईओ श्री अमित कुमार ने भुनेश्वर के निवेशकों से रांची स्मार्ट सिटी में निवेश करने का आग्रह किया और कहा कि भुनेश्वर में उच्च शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थान है ...और जब हम रांची को एजुकेशन हब के रूप में विकसित कर रहे हैं तो आपका सहयोग जरूरी है, इस शहर को एजुकेशन हब बनाने में आपके अनुभव का महत्वपूर्ण योगदान मिलना चाहिए ..उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन निवेशकों को लेकर बेहद संवेदनशील है और निवेशकों को कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए आकर्षक नीतियां बनाई गई हैं.
अमित कुमार ने कहा कि रांची स्मार्ट सिटी में ई ऑक्शन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और कॉन्टैक्टलेस है ..देश के किसी भी कोने में बैठा निवेशक अपने पसंद के प्लॉट के लिए ऑक्शन में भाग ले सकता है..
इस मौके पर अमित कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि झारखंड की राजधानी को एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जाए.. ईज आफ लिविंग के लिहाज से शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया जा रहा है जो कि अंतिम दौर में हैं.. स्मार्ट सिटी क्षेत्र में पारदर्शिता का ख्याल रखते हुए आवासीय , शैक्षणिक , स्वास्थ्य ,व्यावसायिक, मिक्स यूज इत्यादि क्षेत्र के लिए चिन्हित प्लॉट्स के ई ऑक्शन को कॉन्टैक्टलेस बनाया गया है.. इस पूरे क्षेत्र में प्रदूषणयुक्त इंडस्ट्री लगाने का कोई प्रावधान नहीं है.

- **भुनेश्वर में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट 2021 में जिन महत्वपूर्ण बिंदु पर स्मार्ट सिटी के सीईओ ने फोकस किया वह इस प्रकार है**

» रांची को एजुकेशन हब बनाने के लिए सरकार दृढ़ संकल्प है.. विश्व के टॉप 5 हंड्रेड यूनिवर्सिटी का कोई भी एक विश्वविद्यालय अगर दिलचस्पी दिखाता है तो उसे 1 में 25 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई जाएगी.

» शैक्षणिक क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियां शैक्षणिक क्षेत्र के लिए चिन्हित प्लॉट्स पर ऑक्शन करेंगे तो उनका कीमत आवासीय की तुलना में एक तिहाई रखा गया है.

» रांची स्मार्ट सिटी का मास्टर प्लान ट्रांसिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट पर आधारित है.

» किसी भी प्लॉट से 400 मीटर की दूरी के अंदर ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध होगा.

» निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जीआईएस सब स्टेशन का निर्माण हो चुका है.

» कोई भी बिजली और टेलीफोन का तार स्मार्ट सिटी क्षेत्र के अंदर ओवरहेड वायर के रूप में नहीं दिखाई देगा.

» सभी यूटिलिटी सर्विसेज यूटिलिटी डक्ट के अंदर से होकर हर प्लॉट तक पहुंचेगा.

» रांची स्मार्ट सिटी हर निवेशक को तकनीकी सहयोग के लिए तत्पर है.

» शहर के विकास में ग्रीन तकनीकी पर विशेष बल दिया गया है.

» ईज आफ लिविंग को प्रोत्साहित करने को ध्यान में रखते हुए विश्व स्तरीय योजनाएं बनाई गई है

» नए शहर में रिन्यूएबल एनर्जी, सोलर सिस्टम, सीएनजी जल संरक्षण और पर विशेष जोर दिया गया है

### रांची स्मार्ट सिटी के विकास में भुनेश्वर के निवेशकों से काफी उम्मीदें.







» कार्यक्रम में नगर आयुक्त रांची द्वारा जिन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया गया वो इस प्रकार है

» रांची स्मार्ट सिटी का इलाका राजधानी के पावर सेंटर में अवस्थित है.

» विभिन्न कारणों से निवेश के लिए रांची देश के बेहतर स्थानों में शामिल है.

» व्यवसाय ,उद्योग और मौसम के लिहाज से बेहतरीन शहरों में शामिल है रांची .

» निवेश से जुड़ी हमारी नीतियां बेहद आकर्षित है

» इज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी झारखंड पिछले कई वर्षों से अग्रणी राज्यों के सूची में शामिल है

» झारखंड का सिंगल विंडो सिस्टम पहले से काम कर रहा है

» शहर के विकास के साथ आप भी अपने व्यवसाय को आगे ले जाने की संभावना तलाश सकते हैं.

कार्यक्रम में रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक श्री राकेश कुमार नंदकुलयार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए स्मार्ट सिटी के रूप रेखा विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रहे संभावित निवेशकों के समक्ष रखा.. रांची स्मार्ट सिटी में क्या कुछ खास है उन हर पहलुओं से निवेशकों को अवगत कराया.. स्मार्ट सिटी में निवेश के इच्छुक निवेशकों ने भी कई सवाल रखें जिसका जवाब नगर आयुक्त स्मार्ट सिटी, सीईओ और जीएम की ओर से दिया गया.. कार्यक्रम में स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के पीआरओ अमित कुमार भी मौजूद रहे।

## वीर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की भूमि लातेहार के कोने गांव में आयोजित 'आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एवं विकास मेला में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए

### गांव के लोग सरकार तक नहीं पहुँच पा रहे, तो सरकार उनके द्वार तक पहुंच रही है: हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

- **मुख्यमंत्री ने वीर शहीद नीलाम्बर- पीताम्बर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया**
- **नीलाम्बर-पीताम्बर के वंशज एवं अन्य लाभुक विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए**
- **इस अवसर पर 410.84 लाख की 392 परिसंपत्तियां वितरित की गईं**
- **मुख्यमंत्री को लातेहार उपायुक्त ने लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित लाभुकों की विस्तृत जानकारी दी**
- **सरकार राज्य की जनता को मान सम्मान से जीने का अधिकार देना चाहती है। पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इसमें किसी तरह की कमी ना हो**

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।




**रांची/लातेहार।** गांव-गांव पंचायत-पंचायत आपके अधिकार- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। झारखण्ड की भौगोलिक स्थिति कठिन है। कई क्षेत्रों में सरकार की निगाह और आवाज संभवतः नहीं पहुंच पाती है। अगर योजनाओं का लाभ जरूरतमंद को नहीं मिल पाता है, तो योजनाओं का औचित्य क्या है। यही वजह है कि अगर आप सरकार तक नहीं पहुँच पा रहें हैं, तो सरकार आपके द्वार आई है। अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ प्राप्त हो, इसका प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को लाभान्वित करने का कार्य हो रहा है। लोग इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे, तो योजना धरी की धरी रह जायेगी। सभी जरूरतमंद शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ लें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री वीर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की भूमि लातेहार के कोने गांव में आयोजित 'आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एवं विकास मेला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा राज्यवासियों के सहयोग से सरकार झारखण्ड को पहचान देने का कार्य करेगी। सरकार पूर्व की व्यवस्था में तेजी से सुधार करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसमें थोड़ा वक्त लगेगा। सरकार राज्य की जनता को मान सम्मान से जीने का अधिकार देना चाहती है। राज्य के पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इसमें किसी तरह की कमी नहीं हो।

- **वनोपज का लाभ ग्रामीणों को मिले**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनोपज पर कई ग्रामीण निर्भर हैं। सरकार इस क्षेत्र के लिए मजबूत व्यवस्था तैयार करने जा रही है। सभी के लिए व्यवस्थित मॉडल तैयार होगा। ताकि वनोपज पर निर्भर रहनेवालों की आय में वृद्धि की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व तक सीमित संख्या में पेंशन देने का कार्य हो रहा था। लेकिन वर्तमान सरकार ने लाभुकों की संख्या को सिमित से असीमित कर दिया है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वृद्धजनों, निःशक्तजनों, परित्यक्त और विधवा महिला को पेंशन योजना का लाभ प्राप्त होगा। प्रयास है कि सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने तक सभी को पेंशन योजना को जोड़ने का कार्य पूरा किया जाये।

- **कुपोषण दूर करने में सहयोग करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। इसे हमें दूर करना है। सरकार सरकारी स्कूल के बच्चों को सप्ताह में 6 दिन अंडा देने का निर्णय लिया है। लेकिन अंडा हमें दुसरे राज्यों से मंगवाना पड़ता है। इस क्षेत्र में भी संभावनाएं है। यहां के लोग मुर्गी पालन कर अंडा उत्पादन करें। सरकार उन अंडों को खरीद लेगी। हम लोगों की आय में वृद्धि करना चाहते हैं।

- **राज्य गठन के उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहें हैं**

मंत्री श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गौरव का दिन है। आज शहीद की भूमि में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। झारखण्ड के वीर शहीदों के बलिदान से ही हमें आजादी मिली थी। लातेहार के अनगिनत लोगों ने अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ी थी। अलग राज्य का गठन हुआ। लेकिन जिस उद्देश्य से राज्य का गठन किया गया। उस उद्देश्य को हम अबतक प्राप्त नहीं कर सके हैं। वर्तमान सरकार राज्य गठन के उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पूर्व की स्थितियों को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार बनते ही संक्रमण से पूरा देश प्रभावित हुआ। झारखण्ड भी इससे अछूता नहीं रहा। लेकिन सरकार ने सीमित संसाधनों के साथ संक्रमण के खिलाफ लड़ाई लड़ी। संक्रमण काल से निकलने के बाद अब सरकार आपको अपना अधिकार देने आपके द्वार आई है। ताकि ग्रामीण योजनाओं का लाभ ले सकें।

- **योजनाओं का लाभ राज्यवासी उठाएं**

लातेहार विधायक श्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि पूरे राज्य में राज्यवासियों को उनका अधिकार देने के लिए सरकार आपके द्वार आ रही है। इसके जरिये सरकार के स्तर में मिलने वाली सुविधाओं से जोड़ने की पहल। सरकार गांव और गरीबों के लिए कार्य करना चाहती है। लातेहार के हर पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। जिलावासी अपनी समस्याओं से हमें अवगत कराएं। सरकार के पदाधिकारी आपके पास आकर आपकी समस्याओं का समाधान ढूंढ रहें है। गांव के लोग आगे आएं और अपनी बात बेझिझक रखें। ताकि समस्याओं का निष्पादन किया जा सके। योजनाओं का लाभ राज्यवासी उठाएं। पेंशन योजना से सभी को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। 60 वर्ष के सभी वृद्धजनों को पेंशन योजना से जोड़ने का कार्य हो रहा है।
इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नीलाम्बर-पीताम्बर के प्रपौत्र श्री रामानंद सिंह और वंशजों श्री कोमल सिंह से बात की। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त लातेहार को वीर शहीदों के परिजनों को हर संभव सहायता करने और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का आदेश दिया।
इस अवसर पर उपायुक्त लातेहार श्री अब्बू इमरान, पुलिस अधीक्षक लातेहार श्री अंजनी अंजन, नीलाम्बर-पीताम्बर के वंशज श्री रामानंद सिंह, श्री कोमल सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

### सिदपहाड़ी गांव में आधा से अधिक चापाकल खराब,एक भी सोलर टंकी नही



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** प्रखंड के मूड़भंगा पंचायत के अन्तर्गत सिदपहाड़ी गांव में पेय जल संकट है।इस गांव लगभग 1300 जनसंख्या है,जिसमे संताल आदिवासी,मैरा,पाल,घटवाल,मुसलमान जाति के लोग निवास करते है।सभी टोला दूर दूर में स्थित है।पूरे गांव में आधा से अधिक चापाकल कई महीनों और सालों से खराब है।गांव में कुल 14 चापाकल है जिसमे से 6 चापाकल ठीक है और 8 खराब है।इस गांव के किसी भी टोला में सोलर टंकी नही है।जिससे ग्रामीण काफी नाराज है।कुम्हार टोला : इस टोला में लगभग 400 जनसंख्या है कुल 5 चापाकल है ।जिसमे से तीन खराब है और दो अच्छा है।पुरण पाल के घर के सामने का चापाकल तीन वर्षों से खराब है।अर्जुन देय के घर के सामने का चापाकल 8 महीने से खराब है।गोपाल चंद पाल के घर के सामने का चापाकल बहुत देर चलाने पर पानी निकलता है।मंझी टोलाःयहां करीब 350 जनसंख्या है।इस टोला में तीन चापाकल है जिसमे से दो चापाकल खराब है।लाल हेम्ब्रम के घर के सामने का चापाकल एक वर्ष से खराब है। बुदिलाल सोरेन के घर के सामने का चापाकल तीन वर्ष से खराब है।मोयरा टोलाःइस टोला में करीब 200 जनसंख्या है और दो चापाकल है,लेकिन दोनों ही चापाकल खराब है।कालाचंद दे के सामने का चापाकल करीब 6 महीने से खराब है।काली मंदिर के सामने का चापाकल करीब दो वर्ष से खराब है।
(4)ठटना टोलाःयहां करीब 250 जन संख्या है और तीन चापाकल है।सभी चापाकल चालू अवस्था मे है।
जन प्रतिनिधियों से इसकी शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नही होने पर सिदपहाड़ी गांव के ग्रामीण काफी नाराज और आक्रोशित है।ग्रामीणों ने सरकार,प्रशासन से मांग किया है कि जल्द खराब पड़े चापाकलों का मरम्मत करवाया जाए,नये चापाकल दिया जाय और सभी टोला में सोलर टंकी दिया जाय।इस मौके में सुनील सोरेन,फिरोज सोरेन,सुधीर सोरेन,रंजीत दे,रवि दे,गाजीराम दे,सुभाष दे,होलिका दे,अलोका दे,बोका सोरेन,हरिमोहन पाल,सुधीर पाल,गोपालचंद पाल,पवन पाल,निमाय पाल,एनाउल अंसारी,अनंत पाल,पुराण पाल,फुरकान अंसारी,सकीला बीबी,मदन दे,लाल हेम्ब्रम,मलोती सोरेन,आशा मुर्मू,अनिता टुडु,सुनामुनि मुर्मू के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कांग्रेस पार्टी से ही देश का भलाई मुन्नम संजय

**सारवां ।** कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र राय के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के सारवां बस स्टैंड, लाखोरिया मोड,मनीगढ़ी,बंदाजोरी आदि जगह पर जन जागरूकता अभियान निकाली गई मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुन्न म संजय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कि भाजपा की सरकार से देश की भलाई नहीं कांग्रेस पार्टी ही देश की भलाई कर सकते हैं साथ ही केंद्र सरकार की गलत नीतियों के बारे में लोगों को जानकारी दी और सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से कहा घर घर जाकर गलत नीतियों के बारे में लोगों को जानकारी दें साथ ही राज्य सरकार से संचालित योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दें इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी दिनेश मंडल, प्रखंड युवा अध्यक्ष संजय दत्ता, अनिल राउत, दीपक झा, बबलू रवानी, जयराम सिंह, कामदेव रवानी, फारूक अंसारी, निलेश प्रताप सहित अन्य उपस्थित थे।

# कैजुअल हो या फॉर्मल लुक विंटर सीजन में आजमाएं जैकेट्स के न्यू ट्रेंड



सर्दियों का फैशन यानी जैकेट्स और वुलेन्स का फैशन. इस मौसम की शुरूआत के साथ ही बाजार तमाम तरह की जैकेट्स और वुलेन्स से भर चुका है. ऐसे में जैकेट खरीदने से पहले इस सीजन के नए चलन की जानकारी हो जाए तो आपकी जैकेट जरूरत के साथ-साथ फैशन के पैमाने पर भी फिट बैठेगी.

## लेदर जैकेट्स

सालों से लेदर जैकेट्स चलन में है और कभी आउटडेट नहीं होती हैं. हालांकि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में इनका चलन आजकल अधिक है. लेदर जैकेट्स दिखने में जितनी डीसेंट हैं, बूट्स के साथ इनका कांबिनेशन उतना ही स्टाइलिश है. प्योर लेदर जैकेट और जीन्स का कांबिनेशन परफेक्ट कैजुअल लुक है. कैजुअल या फॉर्मल लुक के लिए आप स्वेट लेदर जैकेट भी चुन सकते हैं.

## डेनिम जैकेट्स

सिंपल, स्टाइलिश और रफ एंड टफ लुक के लिए डेनिम जैकेट से अच्छा क्या ऑप्शन्स हो सकता है. डेनिम में ब्लू, ब्लैक और ऑफ व्हाइट शेड्स आप ट्राइ कर सकते हैं. लड़कियां डेनिम जैकेट्स के साथ चेरी, ब्राउन, पिंक, ग्रीन आदि रंगों का कांबिनेशन ट्राइ कर सकती हैं.

## बॉम्बर जैकेट्स

इस सीजन में बॉम्बर जैकेट्स वापस चलन में हैं। ये सिर्फ स्मार्ट ही नहीं लगती बल्कि आरामदायक भी हैं. साथ ही, बहुत अधिक ठंड में आराम से पहना जा सकता है। ब्लैक, ब्लू व अलग-अलग रंगों के कांबिनेशन में भी इन्हें ट्राइ कर सकते हैं.

## शेल जैकेट

शेल जैकेट सर्दियों के लिए परफेक्ट जैकेट है. यह आपको स्पोर्टी लुक देगी. ब्लू डेनिम जीन्स के साथ इसका कांबिनेशन बेहद स्मार्ट है. चूंकि इसमें आप जिप को गले तक चढ़ाकर खुद को पूरी तरह कवर कर सकते हैं इसलिए आप ट्रैवलिंग के दौरान बेझिझक होकर इसे ट्राइ करें.

## कॉर्ड्रॉय जैकेट



सेमी फॉर्मल और कैजुअल लुक के लिए कॉटरॉय जैकेट्स भी बेहतरीन ऑप्शन्स हैं. इनमें ऑफ व्हाइट, ब्राउन, चेरी, ब्लैक आदि कलर काफी चलन में हैं. आप इन्हें फॉर्मल ट्राउजर के साथ पहनकर सेमी फॉर्मल लुक दे सकते हैं जबकि जीन्स के साथ यह पूरी तरह से कैजुअल लगती हैं.

# गाज़र का जूस चेहरे पर लाता है चमक

## रक्त की विषाक्तता करता है कम

गाजर ऐसा खास फल है जो सलाज, हलवा, सब्जी, जूस आदि कई तरीके से खाया जा सकता है। इसी तरह खास इसके गुण भी हैं क्योंकि इसके खाने के कई लाभ हैं।



### गाजर खाने के फायदे

रोजाना गाजर का सलाद खाने से या गाज़र का जूस पीने से चेहरे पर चमक आती है। गाजर रक्त की विषाक्ता कम करता है और इसके सेवन से कील-मुहासों से भी छुटकारा मिलता है।

गाजर में विटामिन 'ए' अधिक मात्रा में पाया जाता है. इसलिए अगर गाजर का नियमित रूप से सेवन किया जाए तो आंखों की रोशनी बढ़ सकती है।

» गाजर का जूस पीने से शरीर में हिमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ जाती हैं, और गाजर में अधिक मात्रा में फाइबर पाया जाता हैं जो शरीर की पाचनशक्ति को बढ़ाता हैं।

» गाजर में कैरोटीनायड होता है, जो हृदय रोगियों के लिए अच्छा होता है। यह माना जाता है कि गाजर का प्रतिदिन सेवन कालेस्ट्राल के स्तर को कम करता है।

» गाज़र के प्रतिदिन सेवन से रक्त में शर्करा का स्तर ठीक रहता है।

» इसे खाने से मसूड़ों से ब्लड आना बंद हो जाता है और दांतों की चमक बढ़ती है।

» गाजर् में बीटा कैरोटीन होती है और यह प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए अच्छा होता है। गाजर के रस में मिश्री व काली मिर्च मिलाकर पीने से खाँसी ठीक हो जाती है तथा कफ कि समस्या में भी आराम मिलता है। गाज़र खाने से, पेट और फेफड़ों के कैंसर का जोखिम कम होता है।

# ठंड ने दी दस्तक, बढ़ा लें विटामिन डी की मात्रा, करें नींबू का सेवन

ठंड दस्तक दे रही है। आपको शरीर संबंधी कई समस्याएं शुरू होंगी। डॉ. कृष्णा सिंह बताती है कि इससे बचने के लिए विटामिन डी की मात्रा अधिक लेनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि हर दिन 4-5 नींबू खाने में ले।

### नींबू के फायदे

» नींबू में विटामिन की कई ऐसी मात्राएं पायी जाती है जो मांसपेशी के दर्द से निजात दिलाता है।

» ठंड में दांत और मसूड़े में भी समस्या बढ़ती है। नींबू के इस्तेमाल से इससे फायदा पहुंचता है।


» गठिया बीमारी ठंड के मौसम में बढ़ जाती है। इसमें नींबू बेहतर काम करता है।

» नींबू के इस्तेमाल से सांस संबंधी परेशानी भी दूर हो जाती है।

» गैस, कब्ज, भूख न लगना और त्वचा संबंधी परेशानी ठंड में बढ़ती है। ऐसे में नींबू की पूरी मात्रा लेने से काफी राहत मिलती है।



# जिंदगी में एक बार जरूर जाएं भूटान, ये रही 6 वजहें...



भूटान हिमालय पर बसा दक्षिण एशिया का एक छोटा और महत्वपूर्ण देश है. यह देश चीन (तिब्बत) और भारत के बीच स्थित है. सैलानियों के बीच भूटान अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है. प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर ये देश सैलानियों को कई रहस्यमयी चीजों से रूबरू कराता है. जानिए भूटान के बारे में ऐसी 6 बातें जो आपको यहां आने पर मजबूर कर देंगी...

### टाइगर नेस्ट मोनास्ट्री

टाइगर नेस्ट मोनास्ट्री भूटान के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक हैं. कई सौ साल पुरानी इस मोनास्ट्री का निर्माण 1692 में हुआ था. कहते हैं गुरु पद्मासम्भवा यहां तीन साल, तीन महीने, तीन हफ्ते, तीन दिन और तीन घंटों तक ध्यान में लीन थे.

### बुद्ध प्रतिमा

ग्रेट बुद्ध डोरडेन्मा शाक्यमुनि बुद्ध प्रतिमा है, जोकि विश्व में बुद्ध की कुछ एक सबसे ऊंची प्रतिमाओं में से एक है. इसकी ऊंचाई करीब 169 फीट (51.5 meters) है.

### अनोखा कल्चर

भूटान अपनी प्राचीन संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है. यहां का चम डांस काफी लोकप्रिय है.

### खूबसूरत पहाड़ और वादियां

भूटान में ट्रेकिंग का अपना ही अलग मजा है. यहां हिमालय के पहाड़ों में ट्रेकिंग करना किसी एडवेंचर से कम नहीं है. अगर आपको ट्रेकिंग का मजा लेना है तो इसके लिए आपको अप्रैल के मौसम में जाना चाहिए. वहीं अगर मौसम का लुत्फ उठाना है तो इसके लिए आपको अक्टूबर के महीने में जाना चाहिए.

### आर्कीटेक्चर

भूटान में एक से बड़ कर एक किले और मोनास्ट्रियां हैं. यहां की खूबसूरत इमारतें पर्यटकों के दिलों को छू लेने वाली हैं.

### खानपान

यहां का खान पान भी और जगहों से बिलकुल अलग है. यहां के खाने को स्वादिष्ट बनाने के लिए हैंडमेड चीज, ड्राइड एगप्लांट, याक बटर और बीटल लीव्स जैसी स्थानीय सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाता है.

# रोज लें पालक का जूस, बीमारियों से रहेंगे दूर

पालक की पत्तियों में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें मिनरल्स, विटामिन और दूसरे कई न्यूट्रीएंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते है। अगर पालक का पूरा फायदा चाहिए तो पालक का जूस पीना सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है। पालक के जूस में विटामिन ए, सी, ई, के और बी कॉम्प्लेक्स अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें मैगनीज, कैरोटीन, आयरन, आयोडीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, सोडियम, फॉस्फोरस और आवश्यक अमीनो एसिड भी पाए जाते हैं।

ये हैं वो कारण जिसकी वजह से दी जाती है पालक का जूस पीने की सलाह



पालक में मौजूद कैरोटीन और क्लोरोफिल कैंसर से बचाव में सहायक हैं। इसके अलावा ये आंखों की रोशनी के लिए भी अच्छा है। पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने के लिए भी पालक का जूस पीने की सलाह दी जाती है।

ये शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मददगार है. इसके अलावा अगर आपको कब्ज की समस्या है तो भी पालक का जूस आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

पालक में विटामिन के की अच्छी मात्रा होती है. ऐसे में पालक का जूस पीने से हड्डियां मजबूत होती हैं।

अगर आपको त्वचा से जुड़ी कोई समस्या है तो पालक का जूस पीना आपके लिए फायदेमंद रहेगा. पालक का जूस पीने से त्वचा निखरी और जवान बनी रहती है.ये बालों के लिए भी अच्छा है।

गर्भवती महिलाओं को भी पालक का जूस पीने की सलाह दी जाती है. पालक का जूस पीने से गर्भवती महिला के शरीर में आयरन की कमी नहीं होती है.

# प्रेग्नेंसी में बचे इस बात से, वरना मुश्किल में आ सकती हैं आप

प्रेग्नेंसी में कुछ बातों को नजर अंदाज करना आप और आपके शिशु के लिए घातक हो सकता है. लंदन में हुए एक शोध में यह दावा किया गया है, इसमें सबसे घातक प्रेग्नेंसी में तनाव की समस्या है. इस दौरान यदि मां किसी प्रकार से भी तनाव में हो तो गर्भपात के खतरे बढ़ जाते हैं.

प्रेग्नेंसी हर महिला के जीवन का सबसे संवेदनशील वक्त होता है. ये ऐसा समय होता है जब उन्हें कई तरह की सावधानियां बरतनी पड़ती हैं, जिससे न सिर्फ उनका स्वास्थ्य बेहतर बना रहे बल्कि उनके बच्चे की सेहत पर भी कोई प्रतिकूल असर न पड़े. ऐसे में उन्हें अपनी डाइट के साथ अपनी आदतों में भी बदलाव लाने पड़ते हैं. प्रेग्नेंसी के दौरान हर महिला को कोई भी भारी या रिस्की काम करने की मनाही होती है. इसके साथ उन्हें चिंता करने या फिर तनाव में रहने के लिए भी मना किया जाता है. गर्भावस्था में महिला का तनाव में रहना गर्भपात का खतरा बढ़ा देता है. शोध तनाव ग्रस्त और तनाव रहित महिलाओं को लेकर किया गया.



शोध में कहा गया जिन महिलाओं ने इस दौरान तनाव लिया उनके साथ गर्भपात की संभावना कई फीसदी तक बढ़ गई. चीन में हुए एक अन्य शोध में भी इस बात का पता चला है कि प्रेग्नेंसी के दौरान तनाव लेने वाली महिलाओं में गर्भपात का खतरा तकरीबन 42 फीसदी तक बढ़ जाता है. शोध के मुताबिक प्रेग्नेंट महिलाओं को सजग हो जाने की जरूरत है.

### आपको ये करना होगा...

प्रेगनेंट महिला को चाहिए कि प्रेग्नेंसी के दौरान वह ज्यादा से ज्यादा खुश रहने की कोशिश करें. तनाव से दूर रहने की कोशिश करें. किसी भी तरह के घरेलू काम से छुट्टी लेकर ज्यादा से ज्यादा आराम करें. तनाव से दूरी बनाने के लिए योग का सहारा लें. शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व देने वाले आहार का सेवन करें ताकि शरीर ऊर्जा से भरपूर रहे. अधिक से अधिक पानी का सेवन करें, उन फलों (संतरा, मौसम्बी) का सेवन करें, जो तत्काल दिमाग को रिलैक्स करने में मदद करते हैं. इसके बाद भी अगर किसी तरह की समस्या है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं.

## रेसिपी

### कॉफी नानखताई



**सामग्री**

चीनी पाऊडर 170 ग्राम,घी 120 ग्राम,मैदा 145 ग्राम

बेसन 30 ग्राम,बेकिंग पाऊडर 2 चम्मच,सूजी 2 चम्मच,इलायची पाऊडर 2 चम्मच

इंस्टेंट कॉफ़ी डेढ़ चम्मच,इंस्टेंट कॉफ़ी गार्निशिंग के लिए,चीनी गार्निशिंग के लिए।

**विधि**

एक बाउल में 170 ग्राम पाऊडर चीनी पाऊडर, 120 ग्राम घी डालकर इसे अच्छी तरह से फैंट लें। अब इसके ऊपर एक छन्नी में 145 ग्राम मैदा, 30 ग्राम बेसन, 2 चम्मच बेकिंग पाऊडर, 2 चम्मच सूजी डालकर छान लें। इसमें 2 चम्मच इलायची पाऊडर, डेढ़ चम्मच इंस्टेंट कॉफी डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। फिर इसे नर्म आटे की तरह गूंथ लें। इसे 15 मिनट के लिए फ्रीज में रखे दें। अब इस मिश्रण की 15-16 छोटी-छोटी गेंदें बना लें। इसके बाद इस पर थोड़ी सी इंस्टेंट कॉफी और चीनी डालें। ओवन को 3350एस्र/180एष्ट पर प्रीहीट करें। फिर तैयार की गई गेंदों को 15 से 20 मिनट के लिए बेक करें। आपके कॉफी नानखताई तैयार हैं। इसे सर्व करें।

# हरी धनिया के इस्तेमाल से मिलेगी कई बीमारियों से राहत



हरी धनिया आपकी कई तरह की बीमारियां खत्म हो सकती है। अपने इन्हीं गुणों के कारण इसका महत्त्व और भी ज्यादा बढ़ जाता हैं। इसके पानी में कैल्शियम, पोटैशियम, विटामिन सी इत्यादि मौजूद होते हैं तो आइए जानते हैं इसके फायदों के बारे में।

### वजन कम करें

अगर आप अपना वजन कम करना चाहती हैं तो तीन बड़े चम्मच धनिए के बीज को एक ग्लास पानी में उबाल लें। जब पानी आधे से कम हो जाएं तो इसे छान लें। इस पानी को प्रतिदिन दो बार सेवन करने से आपका वजन कुछ ही दिनों में कम हो जाएगा।

### पिंपल्स से छुटकारा

पिंपल्स की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता हैं। इसे इस्तेमाल करने के लिए धनिए के जूस में हल्दी पाउडर मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। फिर कुछ देर बाद चेहरे को पानी से धो लें। इस लेप को दिन में दो बार इस्तेमाल करें। इससे पिंपल्स से छुटकारा मिलेगा और आपके चेहरे की सुंदरता भी बढ़ेगी।

### आँखों की परेशानियों से राहत

आँखों में दर्द, पानी गिरना, जलन आदि की समस्या में इसके इस्तेमाल से तुरंत राहत मिलती हैं। इसके लिए आप थोड़ा सा धनिया लेकर पीस लें फिर उसे पानी में डालकर उबाल लें। थोड़ी देर उबलने के बाद इसे ठंडा करें और छान कर किसी बर्तन में रख लें। प्रतिदिन इनकी दो दो बूँद आँखों में डालने से आँखों की समस्या से राहत मिलती हैं।



# पीपल सेहत भी सुधारता है, जानिए इसके गुण

भारतीय संस्कृति में पीपल वर्षों से पवित्र पेड़ के रूप में पूजा जाता रहा है। वहीं इसे अपनी घनी छांव और ताजा प्राणवायु के लिए जाना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पीपल का पेड़ आपको सेहत से जुड़े लाभ भी देता है? जानते हैं कुछ ऐसे ही लाभ के बारे में। इस बात का जिक्र वेदों में भी मिलता है। पीपल के इन चमत्कारी गुणों में से हम यहां ऐसे ही कुछ गुणों की बातें कर रहे हैं।

**1 सांस की तकलीफ :** सांस संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या में पीपल का पेड़ आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए पीपल के पेड़ की छाल का अंदरूनी हिस्सा निकालकर सुखा लें। सूखे हुए इस भाग का चूर्ण बनाकर खाने से सांस संबंधी सभी समस्याएं दूर हो जाती है। इसके अलावा इसके पत्तों का दूध में उबालकर पीने से भी दमा में लाभ होता है।

**2 गैस या कब्ज :** पीपल के पत्तों का प्रयोग कब्ज या गैस की समस्या में दवा के तौर पर किया जाता है। इसे पित्त नाशक भी माना जाता है, इसलिए पेट की समस्याओं में इसका प्रयोग लाभप्रद होता है। इसके ताजे पत्तों के रस निकालकर सुबह शाम एक चम्मच पीने से पित्त के साथ ही समस्याएं भी समाप्त होती हैं।

**3 दांतों के लिए :** पीपल की दातुन करने से दांत मजबूत होते हैं, और दांतों में दर्द की समस्या समाप्त हो जाती है। इसके अलावा 10 ग्राम पीपल की छाल, कत्था और 2 ग्राम काली मिर्च को बारीक पीसकर बनाए गए मंजन का प्रयोग करने से भी दांतों की सभी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं।

**4 विष का प्रभाव :** किसी जहरीले जीव-जंतु द्वारा काट लेने पर अगर समय पर कोई चिकित्सक मौजूद नहीं हो, जब पीपल के पत्ते का रस थोड़ी-थोड़ी देर में पिलाने पर विष का असर कम होने लगता है।

### पाइनेप्पल क्रश डिलाइट



**सामग्री**

230 ग्राम- चीनी, 1 टेबलस्पून- पानी

225 ग्राम- फ्रेश क्रीम

40 ग्राम- पीसी चीनी

1/4 टीस्पून- वनिला एसेंस,फ्रुट केक

पाइनेपल सिरप अनानास

**विधि**

सबसे पहले एक पैन में चीनी और एक टेबलस्पून पानी डालकर इसे मध्यम आंच पर गर्म करें। अब बटर पेपर पर पिघली हुई चीनी को डाल कर 5-10 मिनट के लिए रख दें ताकि यह सूख जाए। इसके बाद एक बाउल में फ्रैश क्रीम,चीनी और वनिला एसेंस डालकर मिक्स कर लें। अब एक पैरेक्स डिश (कांच के बर्तन) में फरूट केक की एक तह बिछा दें और इसके ऊपर पाइनेप्पल सिरप डालें। सिरप डालने के बाद इसके ऊपर अनानास के कटे हुए टुकडे रखें और पहले से तैयार की हुई क्रीम को इसके डालें। क्रीम को एकसार करें। इसे क्रश चीनी के साथ गार्निश करके 30 मिनट फ्रीजर में रखें और सर्व करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) RNI Title code-JHAHIN01027